भोपाल | सोमवार | 9 मार्च 2026 | वर्ष 70 | अंक 45 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


3 मुफ्त सरकारी सुविधा में ईमानदारी जरूरी: राहुल


4 चीनी शस्त्रों पर भरोसा ईरान को महंगा पड़ा


9 डब्ल्यूटीओ मसौदे से अफ्रीकी देश नाराज


11 हमने मजबूत शुरुआत की, लेकिन लय नहीं बना सके : हरमनप्रीत



## इंदौर में गुलाल से रंगा आसमान

**इंदौर , 08 मार्च.** रंगों की राजधानी कहे जाने वाले इंदौर में रविवार को रंगपंचमी का ऐतिहासिक उत्सव पूरे उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया. शहर की हृदयस्थली राजवाड़ा पर निकली पारंपरिक गेर में रंग-गुलाल की ऐसी बारिश हुई कि पूरा आसमान लाल-गुलाबी रंगों से सराबोर हो गया. विशेष मिसाइल उपकरणों से सैकड़ों फीट ऊंचाई तक गुलाल छोड़ा गया, जिससे आसमान में रंगों के बादल छा गए और चारों ओर रंगों की धुंध छा गई.

# टी-20 विश्व कप भारत तीसरी बार बादशाह

## न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया, मेजबान टीम पहली बार बनी विजेता

**अहमदाबाद 8 मार्च.** भारत ने 2026 टी20 विश्व कप फाइनल का खिताब जीत लिया. फाइनल में भारत की तरफ से बहुत ही शानदार प्रदर्शन देखने को मिला. टीम इंडिया ने एकतरफा 96 रनों से जीत हासिल की. टीम के लिए कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया.

मुकाबले में संजू सैमसन ने भारत के लिए सबसे बड़ा योगदान दिया. ओपनिंग पर उतरे संजू ने 46 गेंदों में 5 चौके और 8 छक्कों की मदद से 89 रन स्कोर किए. संजू की इस पारी ने टीम इंडिया को 255 रनों के बड़े टोटल तक पहुंचाने में मदद की. संजू ने पहले विकेट के लिए अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर 43 गेंदों में 98 रनों की साझेदारी की. इसके बाद दूसरे विकेट के लिए संजू ने ईशान किशन के साथ मिलकर 48 गेंदों में 105 रनों की साझेदारी की. यह पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही. इस तरह संजू ने टीम के लिए सबसे अहम योगदान देते हुए खुद को हीरो साबित किया.



### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी. उन्होंने कहा- शानदार जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रतीक है. उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है.

### भारतीय टीम ने रचा इतिहास

अब तक वेस्टइंडीज और इंग्लैंड भी 2-2 बार टी20 विश्व चैंपियन बने हैं, लेकिन टी20 विश्व कप ट्रॉफी को 3 बार जीतने वाला भारत पहला देश बन गया है. टीम इंडिया ने 2007, 2024 और अब 2026 का खिताब जीता है. इससे पहले कोई भी टीम लगातार 2 बार टी20 फॉर्मेट का विश्व कप नहीं जीत पाई थी. भारत इस उपलब्धि को हासिल करने वाला भी पहला देश बना है. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 255 रन बनाए थे. यह टी20 विश्व कप के फाइनल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर रहा.

### सूर्या ने किया मोदी मैदान की मिट्टी को नमन



टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव का एक भावुक पल कैमरे में कैद हो गया. फाइनल में जीत के बाद जब भारतीय खिलाड़ी जश्न मना रहे थे, उसी दौरान सूर्यकुमार ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की मिट्टी को हाथ से छुआ और उसे माथे से लगा लिया.

### संजू-अभिषेक की जोड़ी ने तोड़ा पाक का रिकॉर्ड

फाइनल मैच में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने मिलकर पावरप्ले में ही 92 रन बनाए. यह टी20 विश्व कप के इतिहास में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर है. यह टी20 विश्व कप के इतिहास में पहला ऐसा मौका है कि जब किसी टीम की ओपनिंग जोड़ी ने फाइनल में 50 रनों की साझेदारी का आंकड़ा छुआ है, जिसके साथ पाकिस्तान का रिकॉर्ड टूट गया. इससे पहले फाइनल में किसी भी टीम के लिए ओपनिंग जोड़ी ने सबसे बड़ी साझेदारी 48 रनों की थी. यह साझेदारी पाकिस्तान के लिए कामरान अकमल और शाहजैब हसन ने 2009 के टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स में की थी.

### फाइनल मैच के दिन पृथ्वी शॉ ने की सगाई

आज यानी 08 मार्च रविवार को 2026 टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया. इसी दिन भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की सगाई की खबर सामने आई. शॉ ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए अपनी सगाई की गुड न्यूज फैंस के साथ साझा की. कैप्शन में लिखा, मैदान पर छक्कों से लेकर मैदान के बाहर जिंदगी भर की सफलताओं तक. वह मेरी परफेक्ट पारी है. शॉ ने गर्लफ्रेंड आकृति अग्रवाल को सगाई की अंगूठी पहनाई, आकृति अग्रवाल एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और एक्ट्रेस हैं.

## एक नजर में



### सीबीआई ने अनिल अंबानी पर दर्ज किया नया केस

**नई दिल्ली.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमुख अनिल अंबानी के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का एक नया मामला दर्ज किया है. यह कार्रवाई पीएनबी के मुख्य प्रबंधक संतोषकृष्ण अन्नावरपु की एक शिकायत के आधार पर की गई है. यूनीवार्ता के पास मौजूद इस प्राथमिकी की प्रति के अनुसार, इसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2013 से 2017 के बीच अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के तत्कालीन अधिकारियों ने कथित तौर पर पीएनबी के साथ 1,085 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की. बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने यह कर्ज वापस न करने की नीयत से प्राप्त किया. पीएनबी ने दावा किया कि कंपनी ने बैंक से प्राप्त धन को जानबूझकर अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया.

## नीतीश के बेटे निशांत ने ज्वॉइन की जेडीयू

- संजय झा ने दिलाई सदस्यता
- ललन सिंह ने पहनाया गमछा

**पटना, 08 मार्च. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इकलौते बेटे निशांत कुमार ने औपचारिक रूप से जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की सदस्यता ग्रहण कर ली.**

पटना स्थित जदयू कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई. हालांकि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद मौजूद नहीं रहे, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. सदस्यता ग्रहण करते ही



कार्यकर्ताओं ने 'नीतीश कुमार जिंदाबाद' और 'बिहार का सीएम कैसा हो, निशांत कुमार जैसा हो' के नारे लगाए. जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत कुमार को पार्टी की सदस्यता दिलाई. वहीं केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने उन्हें जदयू का पारंपरिक गमछा पहनाकर स्वागत किया. पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत ने संजय झा और ललन सिंह के पैर छूकर आशीर्वाद लिया. इस दौरान मंच पर मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया.

## अंतरराज्यीय सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़

**भुवनेश्वर, 08 मार्च (वार्ता)** ओडिशा पुलिस ने राज्य के मलकानगिरि जिले में एक अंतरराज्यीय ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें दो मुख्य सरगना रायपुर (छत्तीसगढ़) के निवासी बताए गए हैं. पुलिस जांच में 142 'म्यूल' बैंक खातों की जांच की गई. जांच के दौरान पता चला कि इनमें से कई खाते ओडिशा के कोटपाड़ क्षेत्र के बिचौलियों द्वारा भोले-भाले लोगों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) के भुगतान का झांसा देकर खुलवाए गए थे.

## ईरान के तेल ठिकानों पर दागी मिसाइलें

### नौवें दिन जारी रही यूएस-अमेरिका और ईरान की जंग

**03** डिपो और 30 फ्यूल टैंक तबाह

**21** सैनिक मारने का अमेरिका ने किया दावा

**200** से ज्यादा इजराइल के सैन्य ठिकानों को ईरान ने बनाया निशाना

**06** महीने तक युद्ध लड़ने का ईरान ने किया दावा



**तेहरान, 08 मार्च. मिडिल ईस्ट में युद्ध लगातार तेज होता जा रहा है. इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के नौवें दिन इजराइल ने ईरान के तेल भंडार और रिफाइनरी से जुड़े कई ठिकानों पर बड़े हवाई हमले किए. रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलों में ईरान के 30 फ्यूल टैंक और 3 बड़े तेल डिपो को निशाना बनाया गया. राजधानी तेहरान के तेल भंडारण क्षेत्र में हमले के बाद भीषण आग लग गई, जिसकी लपटें दूर तक दिखाई दीं.**

इजराइली हमलों के बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की. ईरान ने इजराइल के अलावा कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन और यूएई पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए. ईरान की सैन्य संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि अमेरिका और इजराइल से जुड़े 200 से ज्यादा सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है. उन्होंने बहरीन में मौजूद अमेरिका की पांचवीं नेवी फ्लीट को निशाना बनाया है. ईरान के दावे मुताबिक इन हमलों में उनके 21 सैनिक मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं. आईआरजीसी के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने कहा कि ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड लंबे समय तक युद्ध लड़ने में सक्षम हैं. उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर ईरान 6 महीने तक संघर्ष जारी रख सकता है.

**इजरायली हमले में चार की मौत:** लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित एक होटल पर इजरायल की ओर से किए गए हमले में चार मारे गए, जबकि 10 अन्य लोग घायल हुए हैं. लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार यह हमला मध्य बेरूत में स्थित एक होटल पर हुए.

### ईरान के नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति

ईरान में नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति बन गई है, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है. रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर चुनने वाली संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नए लीडर का चयन कर लिया है. असेंबली के सदस्य मोहसिन हेदरी ने कहा कि बहुमत से सबसे योग्य व्यक्ति के नाम को मंजूरी दे दी गई है. एक अन्य सदस्य मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी ने भी इसकी पुष्टि की है. संभावित उम्मीदवारों में खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई का नाम सबसे आगे बताया जा रहा था. इस बीच, इजराइली सेना ने ईरान को चेतावनी दी है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के हर संभावित उत्तराधिकारी को निशाना बनाया जाएगा.

## दलित महिलाओं को मिलेंगे 1500 रुपए प्रतिमाह

- मावां धिया सत्कार योजना का ऐलान
- केजरीवाल और भगवंत मान का सबसे बड़ा चुनावी वादा पूरा
- राज्य की महिलाओं को मिलेंगे 1000 रुपए

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, 08 मार्च. विश्व महिला दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब में महिलाओं को एक हजार रुपए देने का अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान का सबसे बड़ा चुनाव वादा पूरा कर दिया.**



बजट में 'मुख्यमंत्री मावां धिया सत्कार योजना' के एलान के साथ ही जहां महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, वहीं विपक्ष के हाथ से आखिरी मुद्दा भी छिन गया. योजना के तहत 18 साल से अधिक उम्र की हर महिलाओं को 1000 और दलित महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे. आम आदमी पार्टी ने इसे महिला सशक्तिकरण के लिए भगवंत मान सरकार का बहुत बड़ा कदम बताया है. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक्स पर कहा हमने अपना चुनावी वादा पूरा कर दिया है.

### सारे चुनावी वादे पूरे किए : केजरीवाल

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की पहली सरकार है, जिसने अपने सारे चुनावी वादे पूरे कर दिए हैं. उन्होंने एक्स पर कहा कि आज विश्व महिला दिवस के अवसर पर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपनी सबसे बड़ी गारंटी पूरी कर दी है. हमने पंजाब की जनता को जो-जो गारंटी दी थी, उसे पूरा किया है और आगे भी ऐसे ही करते रहेंगे.

**पीएम की दिल्ली को सौगात** ▶ बंगाल में देश और नारी शक्ति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान के लिए टीएमसी को माफ नहीं करेगी जनता : पीएम

## 33500 करोड़ के प्रोजेक्ट का शिलान्यास

**नई दिल्ली, 08 मार्च. प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को दिल्ली में 33,500 करोड़ के प्रोजेक्टस का उद्घाटन किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में देश और नारी शक्ति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान के लिए टीएमसी को माफ नहीं करेगी, उन्हें जनता सबक सिखाएगी. हमारी परंपरा में कहा गया है अहंकार से भरा व्यक्ति चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, आखिर में बर्बाद हो जाता है.**



कार्यक्रम में पीएम मोदी ने आप पार्टी पर भी निशाना साधा, उन्होंने कहा कि आपदा सरकार की वजह से दिल्ली का विकास रूक गया था, लेकिन पिछले एक साल दिल्ली में चहुंओर विकास हो रहा है और इसका लाभ लोगों को मिल रहा है. इससे पहले प्रधानमंत्री ने 33 हजार 500 सौ करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया. उन्होंने जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन रीडेवलपमेंट प्लान के तहत नए बने 2 हजार 722 फ्लैट का उद्घाटन किया. उन्होंने जीपीआरए कॉलोनियों का दौरा किया और महिला लाभार्थियों को टाइप-5 के नए घरों की चाबियां सौंपी.

### मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की दीं शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को देश भर की महिलाओं को बधाई दी और भारत के विकास में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि नारी शक्ति की उपलब्धियां देश को प्रेरित करती हैं और एक विकसित भारत की ओर इसके सफर को मजबूत करती हैं.

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में बदलाव लाने वाली भूमिका निभा रही हैं और देश की तरक्की के केंद्र में हैं. उन्होंने लिखा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं हमारी सभी नारी शक्ति को बधाई देता हूं. हर क्षेत्र में महिलाएं पक्के इरादे, रचनात्मकता और बेमिसाल जोश के साथ भारत की तरक्की को आकार दे रही हैं. उनकी उपलब्धियां हमारे देश को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत बनाने के हमारे सामूहिक इरादे को मजबूत करती हैं.

## न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी के घर के बाहर स्मोक बम फेंके

**एंटी-इस्लाम विरोध प्रदर्शन के दौरान हमला, 6 गिरफ्तार**

**न्यूयॉर्क , 08 मार्च. न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी के घर के बाहर हुए एक प्रदर्शन के दौरान स्मोक बम फेंके गए. उस समय ममदानी और उनका परिवार घर के अंदर ही मौजूद थे, लेकिन इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई.**

पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस डिपार्टमेंट के अनुसार, यह घटना एक छोटे एंटी-इस्लाम प्रदर्शन और उसके खिलाफ हुए बड़े काउंटर-प्रोटेस्ट के दौरान हुई. पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, एंटी-इस्लाम प्रदर्शन में करीब 20 लोग शामिल थे, जबकि इसके विरोध में हुए काउंटर-प्रोटेस्ट में लगभग 125 लोग पहुंचे थे. घटना के बाद एनवाईपीडी के बम स्क्वाड ने मौके से बरामद उपकरणों की जांच की. अधिकारियों का कहना है कि अभी यह साफ नहीं है कि ये असली विस्फोटक थे या सिर्फ डराने के लिए बनाए गए उपकरण. इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि न्यूयॉर्क शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार का सम्मान करता है, लेकिन नफरत और हिंसा के लिए यहां कोई जगह नहीं है.